महत्वपूर्ण एवं खास

राकेट लांचर से किया हमला, पुलिस ने दिया जवाब तो भागे नक्सली

गढ़चिरौली/पखांजूर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सीमा से सटे महाराष्ट्र में नक्सलियों ने गढ़चिरौली के गट्टा पुलिस थाना पर रॉकेट लॉन्चर ग्रेनेड 100 से हमला से कर दिया। हालांकि लॉन्चर नहीं फटने के कारण नक्सली अपने मंसूबे में नाकाम साबित हुए। इससे बड़ा हादसा टल गया। नक्सलियों की इस हरकत पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसके बाद नक्सली मौके से भाग निकले। पुलिस के आला अधिकारियों ने खबर की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने ग्रेनेड-100 से थाने पर हमला किया है। जवाबी फायरिंग के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

जंगली सुअर के मांस के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव (आरएनएस)। जिले के दक्षिण वन मंडल में बीते कुछ दिनों से वन अमला लगातार वन्य प्राणी संरक्षण मामले में कार्यवाही कर रहा है। वन विभाग के उड़नदस्ता टीम ने गुरूवार की देर शाम को मुलमुला वन पारीक्षेत्र के उमरगांव के जंगलों से 05 आरोपियों को जंगली सुअर के मांस के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को वन परीक्षेत्र कार्यालय लाया गया है, जहां मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पहले कोंडागांव वन परिक्षेत्र में वन्य प्राणी शिकार मामले में 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, वहीं माकड़ी वन परिक्षेत्र में भी वन्य प्राणियों के शिकार के मामले में 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया जा चुका है।

घर में सो रहे युवक से चाकू टिकाकर मोबाईल व नगदी लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। घर में सो रहे युवक से चाकू टिकाकर दो बदमाशों द्वारा मोबाईल व नगदी लूट मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को बालाजी नगर आयुष सोनी 20 वर्ष ने खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि 22 अप्रैल गुरुवार को रात्रि 3 बजे प्रार्थी घर में सो रहा था तभी माजिद व आकाश नाम के दो लड़के जो खुर्सीपार के निवासी है उसके घर पर आकर दरवाजा खटखटाये। प्रार्थी के बाहर निकलने पर दो उसे धमकाने लगे और गले पर चाकू टिकाकर बोले की पैसा,मोबाईल जो कुछ तेरे पास है देदे प्रार्थी के मना करने पर वे जान से मारने की धमकी देते हुये जेब में रखा मोबाईल व 15 सौ रुपये लूट लिए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 392,34,25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपियों की पता तलाश में पुलिस जुटी हुई थी चंद ही घंटों में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से इनफिनिक्स कंपनी की मोबाईल कीमत 10 हजार रुपये तथा 15 सौ रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी आकाश शर्मा 25 वर्ष पिता राजेश शर्मा निवासी केएलसी खुर्सीपार आदतन अपराधी है उसके पूर्व के कई अपराध है साथ ही दूसरा आरोपी माजिद खान उम्र 21 वर्ष अब्दुल हामिद निवासी मछली मार्केट खुर्सीपार पूर्व में हत्या के प्रयास मारपीट के कई मामले दर्ज है करीब एक माह पूर्व दोनों आरोपी सुपेला थाने में हत्या के प्रयास के मामले में जमानत पर है।

ई-डिस्ट्रीक मैनेजर पद पर संविदा भर्ती के लिए 10 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित

बीजापुर (आरएनएस)। कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष ई-गवर्नेंस समिति बीजापुर के द्वारा ई-जिला प्रबन्धक पद पर संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से 10 मई 2021 तक विहित नियम एवं शर्तों के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र केवल स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।

पेट के बल सोने से ऑक्सीजन की कमी हो किया जा सकता है दूर
ऑक्सीजन का स्तर 94 से कम होने पर पेट के बल सोने की होती है जरूरत

» दायें एवं बाएं करवट सोने से भी मिलती है राहत

» गर्भवती माताएं, हृदय एवं स्पाइन रोगी पेट के बल सोने से करें परहेज

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना की दूसरी लहर में संक्रमितों में ऑक्सीजन की कमी की समस्या सबसे अधिक देखी जा रही है. शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने के कारण कई कोरोना पॉजिटिव रोगियों को अस्पताल जाने की जरूरत भी पड़ रही है. लेकिन होम आइसोलेशन में रह रहे मरीज अपने सोने के पोजीशन में थोड़ा बदलाव कर ऑक्सीजन की कमी को दूर कर सकते हैं. इस प्रक्रिया को क्रॉनिंग' कहा जाता है और इसको लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने इस संबंध में पोस्टर के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी है.

पेट के बल सोने के लिए 4 से 5 तकिए की जरूरतः

यदि किसी कोरोना संक्रमित व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत हो रही हो एवं ऑक्सीजन की स्तर 94 से घट गया हो तो ऐसे लोगों को पेट के बल सोने की सलाह दी गयी है. इसके लिए सबसे पहले वह पेट के बल सो लें. एक तकिया अपने गर्दन के नीचे रखें. एक या दो तकिया छाती के नीचे रख लें एवं 2 तकिया पैर के टखने के नीचे रखें. इस तरह से 30 मिनट से 2 घंटे तक सो सकते हैं. साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस बात पर भी विशेष जोर दिया है कि होम आईसोलेशन में रह रहे मरीजों की तापमान की जाँच, ऑक्सीमीटर से ऑक्सीजन के स्तर की जाँच, ब्लड प्रेसर एवं शुगर की नियमित जाँच होनी चाहिए.

सोने के 4 पोजीशन फायदेमंदः- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोरोना पॉजिटिव मरीजों के लिए सोने की 4 पोजीशन को महत्वपूर्ण बताया है जिसमें 30 मिनट से 2 घन्टे तक पेट के बल सोने, 30 मिनट से 2 घन्टे तक बाएं करवट, 30 मिनट से 2 घन्टे तक दाएं करवट एवं 30 मिनट से 2 घन्टे तक दोनों पैर सीधाकर पीठ को किसी जगह टीकाकार बैठने की सलाह दी गयी है. यद्यपि, मंत्रालय ने प्रत्येक पोजीशन में 30 मिनट से अधिक समय तक नहीं रहने की भी सलाह दी है.

राज्य मे अब तक के सारे रिकॉर्ड टूटे : 16700 से ज्यादा नए केस, 197 मौतें भी 15000 से ज्यादा हुए ठीक

छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस संक्रमण का ग्राफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक 6 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। 16750 नए मरीज मिलने की पुष्टि हुई है। प्रदेश में लगातार बढ़ती संक्रमित मरीजों की संख्या चिंता जनक है। अब छत्तीसगढ़ में कुल एक्टिव मरीज 121555 हो गए हैं। 16750 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज़ों की पहचान हुई वहीं 15051 मरीज़ स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज/रिकवर्ड हुए। राज्य में स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज/रिकवर्ड हुए मरीज़ों की संख्या 477339 है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार- दुर्ग 1759, राजनांदगांव 1024 बालोद 412, बेमेतरा 389, कबीरधाम 394, रायपुर 3035, धमतरी 707, बलौदाबाजार 783, महासमुंद 479, गरियाबंद 314, बिलासपुर 1117, रायगढ़ 931, कोरबा 767, जांजगीर-चांपा 905, मुंगेली 407, जीपीएम 131, सरगुजा 585, कोरिया 261, सूरजपुर 306, बलरामपुर 561, जशपुर 495, बस्तर 185, कोंडागांव 141, दंतेवाड़ा 68, सुकमा 25, कांकेर 500, नारायणपुर 26, बीजापुर 40, अन्य राज्य 2 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।

जवानों ने 4 और 5 किलो वजनी दो आईईडी बम बरामद किया

सुकमा (आरएनएस)। जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम कोण्डसावली मार्ग से आज शुक्रवार को सरक्षाबलों के जवानों ने दो आईईडी बम बरामद कर जवानों ने दोनों बमों को मौके पर ही सावधानी पूर्वक निष्क्रिय कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सहायक कमांडेंट व निरीक्षक विनील गुप्ता, जीडी नेमाराम तथा द्वितीय कमान अधिकारी राजीव यादव के नेतृत्व में सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान क्षेत्र में जारी सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों व वाहनों को सुरक्षा प्रदान करने निकले हुए थे। बीते कई दिनों से सुरक्षाबल को लगातार उक्त क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा आईईडी बम लगाने की सूचना मुखबिरों से मिल रही थी। इसी के चलते सीआरपीएफ के जवानों ने कमारगुड़ा कैम्प से कोंडसावाली गांव की ओर जाने वाले रास्ते में सर्च ऑपरेशन चलाया। सर्चिंग के दौरान जवानों ने नक्सलियों द्वारा उनको नुकसान पहुंचाने की नीयत से प्लांट किये गए 04 और 05 किलो वजनी दो आईईडी बम बरामद कर जवानों ने सावधानी पूर्वक दोनों बमो को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया है। बता दें कि इससे पहले भी नक्सलियों द्वारा इस इलाके में कई बार सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा चुका है। लेकिन जवानों की सतर्कता के चलते नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फीर जाता है।

कोविड के लक्षणात्मक मरीजों की रिपोर्ट आने तक आवश्यक दवाएं देकर उपचार करने के निर्देश

» दवाई लेने के साथ ऑक्सीजन लेवल पर नजर रखने की सलाह

» ऑक्सीजन लेवल 94 से नीचे जाने पर तत्काल डॉक्टर से करें संपर्क

रायगढ़ । कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों का उपचार कर आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं, साथ ही स्वास्थ्यगत सलाह भी दी जा रही है। कोविड की सैम्पल रिपोर्ट आने के बाद पॉजिटिव मरीजों को जरूरी दवाएं लेने की सलाह चिकित्सकों के द्वारा दी जाती है। कई बार सैम्पल की जांच के उपरांत रिपोर्ट आने में विलम्ब हो जाता है, जिसके चलते मरीजों को यथोचित उपचार मिल सके। इसे दृष्टिगत करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट मिलने तक मरीजों को लक्षण के आधार पर पांच प्रकार की दवाइयों की खुराक शुरू कर उपचार करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से यह निर्देश जारी हुआ है कि वर्तमान में राज्य में कोविड-19 के संक्रमण की दर तेजी से बढ़ रही है, जिसके चलते सैम्पल की रिपोर्ट मिलने में विलम्ब हो रहा है। इसे दृष्टिगत करते हुए कोविड की रोकथाम के लिए गठित राज्य स्तरीय ट्रीटमेंट समिति द्वारा लक्षणात्मक मरीजों को तत्काल आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई है। उन्होंने बताया कि लक्षण के आधार पर मरीज को रिपोर्ट आने से पहले छह प्रकार की दवाइयां देने के संबंध में आदेश प्राप्त हुआ है। इसमें आइवरमेक्टिन 12 एमजी की टैबलेट भोजन करने के बाद दिन में एक बार पांच दिन तक देने, डोक्सीसाइक्लिन-100 एमजी की टैबलेट भोजन के पश्चात् दिन में दो बार सात दिनों तक, पैरासिटामॉल टैबलेट दिन में चार बार भोजन करने के बाद तीन दिन तक एवं चौथे दिन से बुखार आने, बदन दर्द रहने की स्थिति में ही दिन में एक बार खाना खाने के उपरांत देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार विटामिन.सी के 500 एमजी की टैबलेट खाना खाने के बाद दिन में दो बार दस दिनों तक देने कहा गया है। साथ ही जिंक के 50 एमजी की टैबलेट देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मरीज को प्रतिदिन 3 से 4 लीटर गुनगुना पानी पीने, आठ घण्टे की नींद लेने, 45 मिनट तक व्यायाम करने या टहलने के साथ-साथ ऑक्सीमीटर से ऑक्सीजन लेवल की जांच नियमित रूप से करने की भी सलाह समिति द्वारा दी गई है।

एफआईआर गलत, हतोत्साहित करने हेतु की गई कार्रवाईः भाजपा

रायगढ़। कांग्रेस सरकार के इशारे पर जिला कलेक्टर द्वारा भाजपा नेता अंशु टूटेजा पर करवाये गए एफआईआर पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा एतराज जताया है। भाजपा अब इस मामले को महामहिम राज्यपाल और केंद्रीय गृहमंत्री जी के समक्ष ले कर जाएगी। इतना ही नही आगामी रविवार को भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता हैज़टैग के माध्यम से अंशु टूटेजा की उसी पोस्ट को अपने अपने वाल पर पोस्ट करेंगे जिस पोस्ट की वजह से उन पर कांग्रेस सरकार ने एफआईआई करवाई है और भूपेश सरकार को एफआईआर के लिए चैलेंज करेंगे। उक्ताशय की प्रेस बिज्ञप्ति जारी करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल व महामंत्री अरुणधर दीवान व सतीश बेहरा ने कहा है कि अंशु टुटेजा ने एक पीड़ित का वीडियो शेयर किया था। जिसमें पीड़ित स्वयं यह कहता दिखता है कि किस तरह उसकी पत्नी 91 ऑक्सीजन लेवल पर थी, उसे बुखार भी था। अस्पताल में खुद चलकर भर्ती होने आई थी और कुछ दिनों बाद वेंटीलेटर की अव्यवस्था के कारण लाश बनकर बाहर निकली, उसके चार बच्चे थे। वीडियो काफी मार्मिक था। यह वीडियो सोसल मीडिया पर जम कर वायरल हुआ और अखबारो में समाचार भी छपे। किंतु प्रशासन ने केवल अंशु पर एफआईआर दर्ज करवा कर सत्ता के दबाव में विपक्ष को हतोत्साहित करने की उनकी मंशा पूरी की है। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती गोमती साय ने कहा है कि पूरा देश जानता है कि प्रदेश में कोरोना की इतनी विकराल समस्या के पीछे भूपेश बघेल सरकार की अकर्मण्यता और लापरवाही है। प्रदेश की जनता भूपेश बघेल जनित समस्या को भोग रही है। उनकी नाकामियों की वजह से ही अस्पतालों की दुर्दशा हो गई है। स्थिति यह है कि कोई भी मरीज सरकारी अस्पताल में भरती होना नही चाह रहा है। जो वहां भर्ती हो रहा है वो चिकित्सकीय संसाधनों के अभाव में दम तोड़ रहा है। ऐसी नाकामियों को सामने लाने वाले अंशु टूटेजा जैसे सजग विपक्ष के कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने के लिए सरकार उन पर पुलिसिया दमन कर रही है। स्वयं कलेक्टर एफआईआर के निर्देश दे रहे है। यह बेहद शर्मनाक स्थिति है। इसे भारतीय जनता पार्टी कतई बर्दाश्त नही करेगी। भाजपा नेता ओपी चौधरी ने आज जिले में हुई वर्चुवल बैठक के दौरान स्पष्ट शब्दो मे प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कोरोना के नाम पर विपक्ष को दबाने के कायराना प्रयास का भाजपा मुहतोड़ जबाब देगी। उधर प्रदेश स्तर पर भी इस मामले को ले कर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। आईटी सेल के प्रदेश संयोजक दीपक म्हस्के ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को कांग्रेस अकेला न समझे। भारतीय जनता पार्टी अपने हर कार्यकर्ता के लिए सदैव तत्पर है। अभिव्यक्ति की आजादी पर अघोषित आपातकाल लगाने वाली इस सरकार के खिलाफ भाजपा पूरी शिद्दत से लड़ेगी और इस कुशासन की सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

ज्ञात हो की भारतीय जनता पार्टी इस मुददे को लेकर लड़ाई लड़ने के मूड़ में है और सोमवार को सांसद श्रीमती गोमतीं साय जी,प्रदेश मंत्री ओ पी चौधरी जी व जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल जी के नेतृत्व में जिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल महामहिम राज्यपाल महोदय व केंद्रीय गृह मंत्री जी के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौपेगा।

ट्रक और कार में जबरदस्त टक्कर, 2 की मौत

» आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद में ट्रक और कार में भीषण टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में 7 लोगों को गंभीर चोट आई हैं। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि जानकारी के अनुसार कार सवार सभी प. बंगाल के मेदिनीपुर के रहने वाले है। यहां रायपुर में काम के सिलसिले में आए हुए थे। वहीं देर रात वापस बंगाल लौट रहे थे। महासमुंद के सरायपाली के पास सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाया : सभी पात्र लोगों को वैक्सीन लगवाने की अपील की

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज पं. जवाहर लाल नेहरु स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के कोविड-19 टीकाकरण केंद्र पहुंचकर कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाया। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र लोग कोरोना वैक्सीन अवश्य लगवाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगवाने से शरीर में रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी जिससे हमें कोरोना को हराने में मदद मिलेगी। कोरोना का टीका लगाने के बाद भी मास्क अवश्य लगाएं और कोविड-19 के बचाव के सारे उपायों का पालन करें।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को स्टाफनर्स श्रीमती सीता साहू ने वैक्सीन का

दूसरा डोज लगाया। वैक्सीन लगने के बाद वे आधा घंटे के लिये निगरानी कक्ष में थीं। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विष्णु दत्त ने राज्यपाल को कोरोना का वैक्सीनेशन पूर्ण करने का प्रमाण पत्र भी दिया।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कोरोना के विरुद्ध जारी संघर्ष में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर के द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए अधिष्ठाता डॉ. विष्णु दत्त एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

इस अवसर पर अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनित जैन, एनेस्थेसिया विभागाध्यक्ष डॉ. के. के. सहारे, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. डी. पी. लकड़ा एवं टीकाकरण के सहायक प्रभारी डॉ. नरेश साहू उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते 4 गिरफ्तार,नगदी 3 लाख रुपये तथा 4 नग मोबाईल जब्त

रायपुर (आरएनएस)। आईपीएल क्रिकेट मैच में इंटरनेट एवं मोबाईल के माध्यम से रुपये पैसे के माध्यम से दाव लगाकर सट्टा खिलाते पाए जाने पर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 लाख रुपये नगद तथा 4 नग मोबाईल फोन जब्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना पुलिस ने 22 अप्रैल रात 10 बजे मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो लडके गली नं. 05 कटोरातालाब में मोबाईल इंटरनेट के माध्यम से राजस्थान रायल्स एवं रायल्स चैलेन्जर्स बैंगलोर के मध्य हो रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खेलाने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर रेड की कार्रवाही के दौरान निर्मल

पिंजानी 22 वर्ष कब्जे से रियल मी कंपनी का मोबाईल बरामद कर चेक करने पर इंटरनेट लिंक के माध्यम से क्रिकेट सट्टा अंशुल जैन 29 वर्ष एवं निर्मल पिंजानी खेलते एवं खिलाते मिले। निर्मल पिंजानी ने अपने फोन में सट्टा खेलना तथा अंशुल जैन ने निर्मल पिंजानी के फोन से अपना यूजर नेम एवं पासवर्ड डालकर सट्टा खेलाना स्वीकार किया। सट्टा लिंक कहां से प्राप्त हुई पूछे जाने पर अंशुल जैन ने बताया कि उसे इंटरनेट लिंक बिट्टू उर्फ विशाल खंडेलवाल का नाम बताया तथा क्रिकेट सट्टा से प्राप्त रकम को प्रशांत शर्मा नामक लडके के माध्यम से पहुंचाने की जानकारी दी व क्रिकेट सट्टा के कारोबार में दोनों साझेदार बताया। आरोपी निर्मल पिंजानी से एक रियल मी एंड्रायड फोन, आरोपी अंशुल जैन से नोकिया की पेड मोबाईल व 6000 रुपये. नगद, प्रशांत शर्मा से 94,000 रुपये नगद व सैमसंग मोबाईल तथा बिट्टू उर्फ विशाल खण्डेलवाल से 02 लाख रूपये नगद एवं एक नग आई फोन जप्त कर कब्जा में लिया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 4(क) जुआ एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पकड़े गए आरोपियों का नाम पता पुछने पर निर्मल पिंजानी पिता अशोक पिंजानी उम्र 22 वर्ष निवासी गली नं0 05 कटोरातालाब थाना सिविल लाईन रायपुर,अंशुल जैन पिता जवाहर लाल जैन उम्र 29 वर्ष निवासी न्यू राजेन्द्र नगर, रिंग रोड नं. थाना न्यू राजेन्द्र नगर जिला रायपुर प्रशांत शर्मा 30 वर्ष निवासी अश्वनीनगर विश्वकर्मा ऑटों सेंटर के पास पुरानीबस्ती, बिट्टू उर्फ विशाल खंडेलवाल 30 वर्ष रहेजा रेसीडेंसी अवन्ती विहार खम्हारडीह रायपुर निवासी बताया है।